।। श्री चित्रगुप्तायनमः ।।

रजि नं. 647/जय/2007

# कुलश्रेष्ठ दर्पण

(राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा (रजि.), जयपुर का त्रैमासिक पत्रक)

अध्यक्षीय कार्यालय– MB-1, 802/ MIG-B, प्रताप अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, जयपुर–302033

E-mail: rajasthankulshresthasabha@gmail.com, website- rajasthankulshresthasabha.com

वर्ष–2022 (सोलह) अंक–48 (नवम्बर 2021 –जुलाई 2022)

**अध्यक्षीय उद्बोधन......................**

आप सभी सम्मानित बंधुओं को मेरा सादर अभिवादन।

अपने आराध्य देव **''श्री चित्रगुप्त जी''** की कृपा से वर्षाकाल में आप सभी सपरिवार सानन्द सुरक्षित एवं आमोद–प्रमोद में मस्त रहें, भवमयहारी भगवान भोलेनाथ की अनुकम्पा आप सभी पर बनी रहे, ऐसी मेरी कामना है।

**राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा** प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सर्वथा सक्रियता से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को कराने में अग्रसित रहती है। समय–समय पर विभिन्न जनहित कार्यों को निर्बाध रूप से सपन्न कराती है।

मैं निस्संकोच यह कहता हूँ कि इन कार्यों को मूर्त रूप देना केवल और केवल आप सभी के सहयोग, समर्थन एवं आर्थिक संबल देने से ही संभव हो पाता है।

विगत वर्ष में सर्वत्र व्याप्त संक्रामक महामारी कोरोना काल में विपरीत परिस्थितियों/हालत में समाज के पीड़ित लोगों को निस्वार्थ भाव से निःशुल्क अपनी सेवाएं देने देवदूत, चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, जनसेवा भाव रखने वाले परोपकारी भामाशाहों के साथ–साथ, तन–मन, धन से सहायता प्रदान करने वाले सभी महानुभावों का मैं हृदय से आभारी हूँ।

**''सभा''** उन सभी को धन्यवाद ज्ञापित करती है जिन्होंने अपनी वार्षिक सहयोग राशि–2022 नगद/बैंक में जमा करा दी हैं शेष परिवारों से भी मेरा विनम्र अनुरोध है कि कृपया इस राशि को शीघ्रता से जमा कराने का श्रम करें तभी समाज हित में रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं जनहित कार्यों को सहजता से कराना संभव हो सकेगा।

विगत दो वर्षों में 'कोरोना' के कारण **''वर्षाकालीन पिकनिक''** का आयोजन खुले स्थान पर कराना संभव नहीं हो पाया था। इस वर्षाकाल में 21.08.2022 को एक सुरम्य स्थान पर **''पिकनिक''** का अयोजन कराया जा रहा है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम सब इस स्थान पर सपरिवार एकत्रित होकर पिकनिक का भरपूर आनन्द उठाएगें।

सदैव की भाँति आप सभी के सहयोग की अपेक्षा में

आपका शुभेच्छु

**(अवधेश कुमार कुश्रेष्ठ)**
अध्यक्ष

---

**''कुलश्रेष्ठ दपर्ण'' का यह अंक श्री सुरेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, संयुक्त सचिव निवासी प्रताप नगर के सौजन्य से प्रकाशित है।**

---

**''सभा'' द्वारा इस अवधि में कराई गई विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ का विवरण निम्न प्रकार है–**

**दीपावली स्नेह मिलन–2021–** राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर द्वारा दिनांक 21.11.2021 को मानसरोवर स्थित **''श्री नीलकंठ चित्रगुप्त मंदिर''** प्रांगण में दीवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अधिकांश परिवारों ने सपरिवार बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया। इसी कार्यक्रम में अपने समाज के उन जन सेवा भावी महानुभावों को सम्मानित किया गया जिन्होंने संक्रामक कोरोना काल में निस्वार्थ भाव से निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही जिन लोगों ने अपनी सेवाएं निःशुल्क अन्य क्षेत्रों में देने की स्वैच्छिक पेशकश की उन्हें भी सम्मानित किया गया। जो कि निम्न हैं–

| नाम | निवासी |
|---|---|
| डॉ0 श्री के.के. श्रीवास्तव | तिलक नगर, जयपुर |
| डॉ0 श्री मोहित कुलश्रेष्ठ | गीजगढ़ फ्लेट्स, हवा सड़क |
| श्री अतुल कुलश्रेष्ठ | प्रताप नगर, जयपुर |
| श्री मुदित कुलश्रेठ | तारों की कूट, टोंक रोड़, जयपुर |
| श्री मोहित कुलश्रेठ | तारों की कूट, टोंक रोड़, जयपुर |
| श्री सुधीर कुमार कुलश्रेठ | तारानगर, झोटवाड़ा, जयपुर |
| श्री अनुराग कुलश्रेठ | शांति नगर, जयपुर |
| श्री सुभाष चन्द्र कुलश्रेष्ठ | कृष्णा विहार, गोपालपुरा बाइपास, जयपुर |

अपने समाज की दो शिक्षिकाओं को **''शिक्षक दिवस''** पर सम्मानित किया गया था, **''राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा''** ने भी उन्हें इस अवसर पर सामाजिक तौर पर सम्मानित किया।

| नाम | निवासी |
|---|---|
| **डॉ0 श्रीमती शालिनी कुलश्रेष्ठ** | कैलाशपुरी |
| **श्रीमती रीटा कुलश्रेष्ठ** | दयानन्द मार्ग, तिलक नगर |

**दीवाली–मिलन–2021 में वर्ष 2020** में शिक्षा–क्षेत्र में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को (10वीं/12वीं) परीक्षाओं में उच्च प्राप्ताकों हेतु निम्नांकित को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया गया। ये पुरस्कार राशि **श्री कमलमोहन कुलश्रेष्ठ** एवं **श्रीमती मंजू मोहन कुलश्रेष्ठ** द्वारा अपने माता–पिता की स्मृति में प्रायोजित किए गए।

| कक्षा | पुरस्कार | राशि | नाम एवं माता/पिता का नाम |
|---|---|---|---|
| $X^{th}$ | प्रथम पुरस्कार | 5100/–रू. | **श्री स्वास्तिक कुलश्रेष्ठ,** पुत्र श्रीमती ममता एवं श्री निश्चित कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय पुरस्कार | 3100/–रू. | **कुमारी माही कुलश्रेष्ठ,** पुत्री श्रीमती कुमुद एवं श्री अतुल कुलश्रेष्ठ |
| | तृतीय पुरस्कार | 2500/– रू. | **श्री वर्णित कुलश्रेष्ठ,** पुत्र श्री पूनम एवं श्री दिलीप कुलश्रेष्ठ |
| $XII^{th}$ | प्रथम पुरस्कार | 5100/–रू. | **कुमारी अन्वी कुलश्रेष्ठ,** पुत्री श्रीमती शालिनी एवं श्री अमित कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय पुरस्कार | 3100/– रू. | **कुमारी तान्या कुलश्रेष्ठ,** पुत्री श्रीमती शोभना एवं श्री मंयक कुलश्रेष्ठ |
| | तृतीय पुरस्कार | 2500/–रू. | **कुमारी सृष्टि कुलश्रेष्ठ,** पुत्री श्रीमती मृदुला एवं श्री अतुल कुलश्रेष्ठ |

**''सभा'' श्री कमलमोहन कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमती मनमोहन कुलश्रेष्ठ** को सादर धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा करती है।

इसी वर्ष समाज की एक अन्य प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी श्रेया कुलश्रेष्ठ पुत्री श्रीमती अम्बुज एवं स्व0 श्री आलोक कुलश्रेष्ठ को 11000/– रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

**''सभा''** सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उनके सफल उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा उड़ीसा के **''लोकनृत्य''** की मनोहारी प्रस्तुति/ग्यारह सदस्य कलाकारों की टीम तथा प्रस्तोता कलाकारों ने विश्व प्रसिद्ध लोक नृत्य की विभिन्न मुद्राओं का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। जिसे देखकर सभी उपस्थित जन मंत्रमुग्ध थे। सभी ने इस कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा मुक्त कंठ से की। स्वल्पाहार एवं चाय–पान की सुचारू व्यवस्था से सभी प्रमुदित हुए।

**वार्षिक साधारण सभा (AGM–2021)** राजस्थान सभा कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर ने दिनांक 19.12.2021 को वार्षिक साधारण सभा (AGM–2021) का प्रत्यक्षतः आयोजन ''अक्षय पात्र'' के निकटस्थ 'देसी ठाठ'' नामक स्थल पर किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष (2019–2020) तथा (2020–2021) का आय–व्यय का लेख–जोखा, **सभा के अडिटर लेखा परीक्षक द्वारा जांचा गया, श्री ओंकार कुलश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किय गया।** जिसे आमसभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित एवं परित किया। इसी सभा में महासविच श्री मंयक कुलश्रेष्ठ द्वारा **संविधान संशोधन समिति** के प्रस्तावित एवं कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित संशोधन–सुझावों को सभी सदस्यों के समक्ष विचार–विमर्श एवं स्वीकृति पारित करने हेतु रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने इन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना–समझा एवं एकमत होकर स्वीकृति देते हुए पारित भी किया, मुख्यतः भविष्य में नयी कार्यकारिणी के चुनाव–प्रक्रिया के सम्बन्ध में निम्न सुझावों को उपस्थित सदस्यों ने संशोधन करने का आग्रह किया जिन्हें सभी ने समर्थन देकर स्वीकृति प्रदान की। नई कार्यकारिणी को चयनित करने से पूर्व प्रत्येक प्रत्याशी को पदानुसार नामांकन शुल्क–राशि (Nomination Fee) जमा कराना अनिवार्य होगा। यह राशि जीतने/हारने पर किसी भी प्रत्याशी को लौटाई नहीं जाएगी।

AGM की समाप्ति के उपरान्त सभी ने स्वादिष्ट दाल–बाटी चूरमा के सहभोज का आनन्द लिया।

**सांस्कृतिक/रचनात्मक विविध प्रतिभागिता–** राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर के सांस्कृतिक सचिव **श्री अतुलेश कुमार कुलश्रेष्ठ** द्वारा अभिनव एवं अनूठा प्रयोग करते हुए अखिल भारतीय स्तर की **''प्रतिभागिता''** का आयोजन एक पखवाड़े तक वर्चुअली किया। जिसमें विभिन्न प्रान्तो/स्थानों से अनेक लोगों ने अपनी–अपनी सांस्कृतिक रचनात्मक प्रतिभाओं (गायन, वादन, नृत्य, पाक–कला, चित्रकारी, पेटिंग, इत्यादि) का प्रदर्शन ऑनलाईन किया जिनमें से अधिकतम कार्यकलापों में भाग लेने वाले निम्न विजेता प्रतिभागयों को नगद पुरस्कार देकर सभा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

| पुस्कृत स्थान | राशि | नाम | निवासी |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 2100/– | श्रीमती अश्लेखा कुलश्रेष्ठ | टूंडला/नोइडा (उ0प्र0) |
| द्वितीय (अ) | 1100/– | श्रीमती मीना कुलश्रेष्ठ | जयपुर (राजस्थान) |
| द्वितीय (ब) | 1100/– | श्रीमती सुनीता कुलश्रेष्ठ | आगरा (उ0प्र0) |
| तृतीय | 500/– | श्रीमती इन्द्रा कुलश्रेष्ठ | नई दिल्ली |

**'सभा'** सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए **श्रीमती अश्लेखा कुलश्रेष्ठ** जी (प्रथम विजेता) की सहृदय आभारी है जिन्होंने पुरस्कार राशि में से 1000/–रू0 की राशि बतौर सद्भावना सहयोग राशि सभा को प्रदान की।

**<u>फागोत्सव–2022</u>** राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर की महिला संगठन शाखा **''नारी शक्ति मंच''** द्वारा दिनांक 06.03.2022 को रंगो के त्यौहार से पूर्व **फागोत्सव** का आयोजन **कैलाशपुरी, टोंक रोड़** पर **श्रीमती आभा प्रकाश कुलश्रेष्ठ,** अध्यक्ष–नारी शक्ति मंच के निवास पर किया गया। जिसमें समाज की अधिकांश महिलाओं ने खूब जोर–शोर से हिस्सा लिया। गीत, संगीत एवं नृत्य का भरपूर आनन्द लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में **श्रीमती आभा प्रकाश कुलश्रेष्ठ** अध्यक्ष एवं **श्रीमती जॉली (अनीता) कुलश्रेष्ठ** सचिव नारी शक्ति मंच के योगदान की सभी ने प्रशंसा की। महिलाओं द्वारा सजावट, फूलों की, रंगोली आदि ने सभी को आकर्षित किया। इस फागोत्सव में **राधा–कृष्ण का स्वरूप** सभी के लिए मुख्य आकर्षण का बिन्दु रहा। इस हेतु **'सभा'** श्रीमती आभा प्रकाश कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमती जॉली (अनीता) कुलश्रेष्ठ को सादर साधुवाद देती है।

**<u>होली स्नेह मिलन–2022</u>** राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर द्वारा दिनांक 27.03.2022 को अपने समाज का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को विगत दो वर्षों में '' कोरोना'' संक्रमण के कारण सरकारी दिशा–निर्देशों के तहत आयोजित नहीं कराया जा सका था। अतः इस बार अत्यधिक लोगों ने सपरिवार इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आनन्द उठाया।

इस कार्यक्रम में अपने समाज के उन सभी भामाशाहों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने शिक्षा–क्षेत्र में वर्ष–2021 में परीक्षाओं/शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें प्रोत्साहन हेतु खुले हाथ से दान दिया।

**<u>सम्मानित भामाशाह</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्री अशोक वर्मा** | **–मानसरोवर एक्सटेंशन/संतोष नगर** | **श्री कमल मोहन कुलश्रेष्ठ** | **– मालवीय नगर** |
| **डॉ0 श्री मधुरेशनंदन कुलश्रेष्ठ** | **– मानसरोवर** | **श्रीमती मंजू कुलश्रेष्ठ** | **– मालवीय नगर** |
| **श्री सुधीर प्रकाश कुलश्रेष्ठ** | **– सुदामा नगर** | **श्री राजीव कुलश्रेष्ठ** | **– नव दुर्गा कॉलोनी** |
| **श्री योगेन्द्र कुलश्रेष्ठ** | **– सोडाला निवासी** | **श्री आशीष कुलश्रेष्ठ** | **– संतोष नगर** |
| **श्रीमती इन्द्रा कुलश्रेष्ठ** | **– सोडाला निवासी** | | |

**''सभा''** उपरोक्त सभी भामाशाहों की धन्यवादी है और भविष्य में भी आपसे ऐसे ही आर्थिक सहयोग की अपेक्षा करती है।
**होली मिलन–2022** में ही अपने समाज के निम्न प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वर्ष–2021 में परीक्षाओं/शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।

| कक्षा का नाम | स्थान एवं राशि | नाम |
|---|---|---|
| 10 वीं कक्षा | प्रथम –5100/– | **कुमारी सेजल कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती प्रीती–श्री पवन कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय– 3100/– | **कुमारी स्वाति कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती ममता–श्री निश्चिंत कुलश्रेष्ठ |
| | तृतीय–2100/– | **कुमारी काव्या अथैया** पुत्री श्रीमती शोभना–श्री सुलभ अथैया |
| 12वीं कक्षा | प्रथम –5100/– | **कुमारी रिमझिम कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती पूनम–श्री दिलीप कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय–3100/– | **कुमारी पूर्वांशी कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती स्वाती–श्री अपूर्व कुलश्रेष्ठ |
| | तृतीय–2100/– | **कुमारी श्रेया कुलश्रेष्ठ पुत्री श्रीमती अम्बुज–स्व0 श्री आलोक कुलश्रेष्ठ** |
| स्नातक/ B.E/B.Tech. | प्रथम–5100/– | **श्री रितुल कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती कमलेश–श्री राकेश कुमार कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय–5100/– | **कुमारी अक्षिता कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती किरन–श्री सुनील कुमार कुलश्रेष्ठ |
| स्नातकोत्तर/M.Sc/ M.Tech/ME | प्रथम– 5100/– | **कुमारी अनुभा कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती रेवा–श्री ब्रजेन्द्र कुलश्रेष्ठ |
| | द्वितीय–5100/– | **श्री निखिल कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती कमलेश–श्री राकेश कुमार कुलश्रेष्ठ |

**<u>विशेष</u>**

समाज के निम्न चार विद्यार्थियों को MBBS (चिकित्सा) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर **''स्मृति चिन्ह''** देकर सम्मानित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कुमारी तनिशा** | –पुत्री श्रीमती आयुषी – श्री मुकुल कुलश्रेष्ठ |
| 2 | **श्री आरव** | – पुत्र श्रीमती संचिता – श्री अनुजी विश्नोई |
| 3 | **कुमारी श्रेया** | – पुत्री श्रीमती शालिनी – श्री मनीष कुलश्रेष्ठ |
| 4 | **कुमारी यशी** | – पुत्री श्रीमती सक्षम – श्री मनोज कुलश्रेष्ठ |

**''सभा''** इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**''सभा''** का उद्देश्य सदैव ही अपने समाज के सभी आयु वर्गों को एकजुट करना तथा उनकी रूचियों, प्रतिभाओं को आगे लाना रहा है। इसी सोच के साथ अपने समाज के युवाओं की माँग के अनुरूप अप्रेल–2022 में एक **''मैत्री क्रिकेट मैच''** का आयोजन कराना सुनिश्चित किया गया। जिसका उत्तरदायित्व युवा–शाखा के अध्यक्ष **श्री सन्नी कुलश्रेष्ठ** एवं समन्वयक **श्री रोहित कुलश्रेष्ठ** को दिया गया। सभी को कोशिशें रंग लाई और दिनांक 17.04.2022 को मानसरोवर स्थित **के.एल. सैनी क्रिकेट स्टेडियम** में कुलश्रेष्ठ समाज के युवाओं की दो टीमों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच सम्पन्न कराया गया। जिसमें कुलश्रेष्ठ समाज से बाहर के विशेषज्ञ अम्पायर को निष्पक्ष निर्णय देने हेतु बुलाया गया। दोनों टीमों के युवा एवं वयस्क खिलाड़ियों का जोश, उमंग, उल्लास, खेल भावना और जुझारूपन सराहनीय एवं प्रंशसनीय था। दोनों टीमों में अपने जयपुर समाज के ही 22 खिलाड़ियों का एकत्रित होना भी अपने आप में बेमिसाल था। स्टेडियम की उपलब्धता निःशुल्क **श्री प्रदीप कुलश्रेष्ठ** पुत्र स्व0 श्री बी.एस.कुलश्रेष्ठ, निवासी मानसरोवर द्वारा कराई गई। **''सभा''** इन्हें साधुवाद देती है।

विजेता टीम के कैप्टन **श्री अरूण कुलश्रेष्ठ** (अनीता कॉलोनी) को '**स्मृति चिन्ह**' प्रदान करने के साथ ही दूसरी टीम के कैप्टन **श्री प्रणय कुलश्रेष्ठ** (बजाज नगर) को भी स्मृति चिन्ह दिया गया। शेष दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों, दूसरे अम्पायर, स्कोरर कमेंटेटर, आदि को भी स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया।

शेष समस्त खिलाड़ियों एवं दर्शकों को शीतल पेय एवं छाछ की व्यवस्था **श्री अरूण कुलश्रेष्ठ– अनीता कॉलोनी निवासी** तथा **श्री प्रदीप कुलश्रेष्ठ–निवासी सोडाला (सोनू टैंट हाउस वाले)** द्वारा कराई गई।

इस हेतु **''सभा''** दोनों को बहुत–बहुत साधुवाद देती है।

**''सभा''** समाज को चिकित्सीय जांच इत्यादि हेतु समय–समय पर **स्वास्थ्य जांच कैम्पों** का आयोजन कराती रही है। इसी क्रम में दिनांक 08.05.2022 को मानसरोवर में **''नेत्रम् फाउडेशन''** के साथ मिलकर **''सभा''** ने एक **नेत्र एवं अन्य स्वास्थ्य जांच कैम्प** का आयोजन **उपाध्यक्ष–श्री ह्रदेश कुमार कुलश्रेष्ठ** के सौजन्य से कराया गया। जिसमें समाज के बहुत से लोगों के साथ बाहरी अन्य लोगों ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया। जाँच कैम्प में उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को **''सभा''** ने **प्रशंसा–सम्मान पत्र** देकर सम्मानित किया। सभा उनका आभार व्यक्त करती है।

प्रांसगिक है कि मैत्री क्रिकेट मैच के पश्चात जयपुर समाज के खेल प्रेमी युवाओं की जबरदस्त माँग थी कि **''सभा''** शीघ्र ही ऐसे ही अन्य दूसरे खेलों का आयोजन भी कराए। हमारा प्रयास समाज के युवाओं की क्षमताओं को विकसित करना ही रहा है। अतः कार्यकारिणी ने युवाओं की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही एक **राज्य स्तरीय बैडमिंटन मैच प्रतियोगिता** कराने का निर्णय लेते हुए इसकी जिम्मेदारी **श्री सन्नी कुलश्रेष्ठ** एवं **श्री रोहित कुलश्रेष्ठ** को ही सौंपी। दोनों ने अपने भागीरथी प्रयासों से इस प्रतियोगिता को स्तरीय बनाने हेतु खेल–स्थान का चयन, खिलाड़ियों को सूचित एवं एकत्रित करके टीमों का गठन इत्यादि आवश्यक कार्यों को पूरा अंजाम दिया। अंततः दिनांक 29.05.2022 को अपने समाज के लिए, समाज के द्वारा समाज हित में राज्यस्तरीय बैडमिंटन मैच प्रतियोगिता, जगतपुरा, स्थित **''लोटस विला''** में पूर्ण विकसित, सुविधाओं युक्त खेल–स्थल **रॉयल जयपुर बैडमिंटन ऐकेडमी** में सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया गया। समाज के युवाओं, पुरूषों, वयस्कों, महिलाओं एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों की खेलने की तीव्र इच्छा शक्ति उनका जुनून और उल्लास सभी ने मिलकर इस बैडमिंटन मैच प्रतियोगी को ऐतिहासिक बना दिया। जयपुर कुलश्रेष्ठ समाज के ही कुल 44 खिलाड़ियों की प्रविष्टियों से कई टीमें बनी जिनको तीन बाहरी रेफरियों द्वारा निष्पक्षता से स्तरीय ढंग से खिलाया गया। **रॉयल बैडमिंटन एकेडमी** की उपलब्धता **श्री सन्नी कुलश्रेष्ठ** के सौजन्य से हुई है। **''सभा''** उनकी हृदय से आभारी हैं

वरिष्ठ खिलाड़ियों का जज्बा, उत्साह और जोश, खेल के प्रारम्भ से अंत कि बना रहा। मैच चार–पाँच घंटों तक निरन्तर चला और मैचों की परिणीति अंततोगत्वा फाइनल मैच की तरफ उन्मुख हुई और फाइनल मैच में विजेता रहे।

**पुरूष वर्ग – श्री संजय कुलश्रेष्ठ एवं श्री कौस्तुभ कुलश्रेष्ठ**
**महिला वर्ग – श्रीमती पूर्वा कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमती मानसी कुलश्रेष्ठ**

इस बैडमिंटन प्रतियोगिता मैच का मीडिया कवरेज **''श्री विजय कुलश्रेष्ठ''** एवं उनकी कैमरा टीम ने किया तथा इसका **''लाइव प्रसारण टीवी पर A to Z चैनल पर''** किया गया।

**''सभा''** इन सभी का आभार व्यक्त करती है।

**राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर** ने अपने इस कार्यकाल में एक और मील का पत्थर स्थापित किया। सभा ने दिनांक 17. 07.2022 (रविवार) को मानसरोवर स्थित एक अर्न्तराष्ट्रीय प्रसिद्ध कैंसर हास्पीटल में सर्वत्र तेजी से फैलती कैंसर बीमारी के फैलने के कारणों तथा उसकी रोकथाम हेतु जागरूकता के उद्देश्य से HCG हॉस्पीटल में एक **कैंसर अवेयरनैस कैम्प** का आयोजन किया जिसमें **मुख्य अतिथि 'श्रीमती संचिता कुलश्रेष्ठ विश्नोई**, **वरिष्ठ आरएएस अधिकारी** एवं **सचिव राजस्थान आवासन मंडल** थी। हॉस्पीटल के कैंसर विभागाध्यक्ष मेडीकल डायरेक्टर एवं कैंसर विशेषज्ञ **डॉ0 श्री मनीष चौमाल** ने कैंसर बीमारी के फैलने के कारणों तथा रोकथाम संबंधित अत्यन्त उपयोगी जानकारियाँ दी। उपस्थित जिज्ञासु श्रोताओं के कैंसर संबंधी प्रश्नों का उत्तर अत्यधिक सरल भाषा में देकर सामान्यतः मनुष्यों में व्याप्त कैंसर–भय को दूर करने का सफल प्रयास भी किया। तदुपरांत सभी को दोपहर का स्वादिष्ट भोज कराया गया।

**''सभा''** द्वारा **मुख्य अतिथि श्रीमती संचिता**, कैंसर विशेषज्ञ **डॉ0 श्री चौमाल** तथा अन्य चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को **''स्मृति चिन्ह''** प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**''सभा''** इस कैम्प के आयोजन हेतु **HCG हास्पीटल** के **श्री के.के.गौड़** को उनके अभूतपूर्व योगदान हेतु सहृदय आभार व्यक्त करती है।

## आगामी कार्यक्रम

**''सभा''** पिछले दो वर्षों में संक्रामक कोरोना महामारी के कारण एवं सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप पिकनिक का आयोजन कराना संभव नहीं हो पाया था। **इस वर्ष दिनांक 21.08.2022.को वर्षाकालीन प्रतीक्षित पिकनिक का आयोजन स्थान –''राधा सरल बिहारी मंदिर''  टोंक रोड़, बीलवा, में  कराया जा रहा है।**

कृपया आप सभी सपरिवार इस पिकनिक में समय से आकर मौज–मस्ती, खेल–कूद, क्विज (प्रश्नोत्तरी) इत्यादि का भरपूर आनन्द उठाऐं।

## आजीवन सदस्यता

नवम्बर–2021 से जुलाई–2022 तक की अवधि में नये आजीवन सदस्यता लेने वालों का विवरण संलग्न है।

## वार्षिक सहयोग राशि–2021 एवं 2022

जिन सदस्यों ने नवम्बर–2021 से जुलाई–2022 तक अपनी वार्षिक सहयोग राशि जमा करा दी है उनका विवरण संलग्न हैः–

## विशिष्ट उपलब्धियाँ

1. कुमारी रित्विका (ऋत्विका) कुलश्रेष्ठ पुत्री श्री शैलेन्द्र कुलश्रेष्ठ निवासी प्रताप नगर, जयपुर हालिया निवासी–लक्ष्मणगढ़ (30.11.2021 से 05.12.2021) को आयोजित **(VVM) ''विद्यार्थी विज्ञान मंथन''** प्रतियोगिता में सीकर जिले में प्रथम स्थान पर विजेता रहीं।

2. कुमारी अविका कुलश्रेष्ठ पुत्री श्री शैलेन्द्र कुलश्रेष्ठ निवासी–जयपुर हालिया निवासी–लक्ष्मणगढ़ ने मोदी स्कूल में आयोजित **योगा प्रतियोगिता** में आयु वर्ग (14–17) वर्ष में प्रतियोगिता की एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

## अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय

- (स्व.) ***श्री ललित बिहारी लाल कुलश्रेष्ठ जी,*** जो कि बैंक कॉलोनी, महेश नगर, जयपुर के निवासी श्री नीरज कुलश्रेष्ठ के पिताजी थे। उनका निधन होने के उपरान्त दिवंगत की इच्छानुसार **''देहदान''** का सत्कार्य किया गया।

**'सभा'** इस अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय सत्कार्य हेतु साधुवाद देती है।

## उल्लेखनीय

- युवा **डॉ0 उत्कर्ष कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती वर्तिका एवं श्री विजय कुलश्रेष्ठ निवासी प्रताप नगर, जयपुर (इन्टरनेशनल स्पोर्टस फिजियोथेरेपिस्ट) जून–2022 माले में सम्पन्न हुए अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के वॉलीबाल मैच में भारतीय खिलाड़ियों के हैड फिजियोथेरेपिस्ट बतौर मॉलदीव गए।

**'सभा'** डॉ0 उत्कर्ष के सफल उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## नवागंतुक

- **श्री अमित कुलश्रेष्ठ**, उदयपुर से पुनः जयपुर मालवीय नगर, सेक्टर–8, में आवासित हुए हैं। इनका मो.नं– 9672991979 है।
- **श्री हरीश कुमार कुलश्रेष्ठ,** फ्लैट–302, पंचशील कॉलोनी, अजमेर रोड़ जयपुर में अन्यत्र से आकर निवासित हुए हैं। मो.नं– 922308333 'सभा' उनका जयपुर में स्वागत करती है।

जयपुर में अन्यत्र स्थान से आने वाले कुलश्रेष्ठ परिवार अथवा यहाँ से बाहर जाने वाले कुलश्रेष्ठ परिवार इस बाबत् राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा की कार्यकारिणी को सूचित अवश्य करें ताकि तदानुसार उचित कार्यवाही एवं विवरण रखना संभव हो सके।

## बधाईयाँ

07.12.2021 **चि0 अंकुश कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती अनीता एवं श्री अतुलेश कुमार कुलश्रेष्ठ **कु0 आकांक्षा** पुत्र डॉ0 श्रीमती रॉयलत्वम, धौलाई मानसरोवर, जयपुर का शुभ विवाह कु0 आकांक्षा पुत्र डॉ0 श्रीमती ज्योति एवं श्री प्रवीन कुमार जी, निवासी मुम्बई के साथ सम्पन्न। दोनों (वर–वधू) पक्ष द्वारा '' सभा'' को रू. 1100/– सहर्ष दान दिए।

24.12.2021 **श्री सुधीर प्रकाश कुलश्रेष्ठ** एवं **श्रीमती कुसुम कुलश्रेष्ठ** की 60वीं वैवाहिक वर्षगांठ (24.12.2021) को उनके पुत्र श्री मंयक कुलश्रेष्ठ निवासी–सुदामानगर तथा परिवारिजनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई।

**इस अवसर पर इस दंपत्ति द्वारा सभा को रू0 11000/– सहर्ष प्रदान किए गए।**

30.01.2022 **सौ. का. शुभागी** पुत्री श्रीमती नलिनी एवं श्री संजय कुलश्रेष्ठ, निवासी – 5/47, एसएफएस अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर के शुभ विवाह के अवसर पर **सभा को 500/– रू0 सहर्ष प्रदान किए गए।**

11.02.2022 **चि0 सात्विक कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती नूतन–श्री संजय कुलश्रेष्ठ, निवासी, जयपुर एवं **सौं0 का0 ओजस्विता** पुत्री श्रीमती अर्चना एवं श्री अरविंद कुमार, निवासी–जयपुर का शुभ विवाह सम्पन्न हुआ।

10.04.2022 **चि0 प्रतीक कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती सुमन एवं श्री ह्रदेश कुमार कुलश्रेष्ठ–निवासी–मानसरोवार, जयपुर एवं **आयुष्मती सोनाली कुलश्रेष्ठ** पुत्री श्रीमती कुसुम एवं श्री विजय कुलश्रेष्ठ निवासी– भरतपुर का शुभविवाह, जयपुर में सम्पन्न हुआ।

24.04.2022 **चि0 रोहित कुलश्रेष्ठ** पुत्र श्रीमती हेमन्तिका कुलश्रेष्ठ एवं श्री राजेश कुमार कुलश्रेष्ठ निवासी– 47/165, किरन पथ मानसरोवर जयपुर का शुभ–विवाह **सौ0 का0 आयुषी** पुत्री श्रीमती अंजुम कुलश्रेष्ठ एवं स्व0 श्री अजरा

कुलश्रेष्ठ, निवासी अहमदाबाद के शुभ–विवाह के अवसर पर **दोनों पक्षों द्वारा सभा को 1100/– रू. सहर्ष प्रदान किए गए।**

**राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर,** सभी **''नवदम्पत्तियों''**, के **सफल, सुखद एवं उज्जवल भविष्य** की कामना करते हुए उन सभी का आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने शुभ अवसर पर **''सभा''** को दान स्वरूप राशि सहर्ष प्रदान की।

# देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ ...........देश अमृत महोत्सव मना रहा है।

**इस अवसर पर मेरी यह स्वरचित रचना कुलश्रेष्ठ दर्पण के इस अंक में प्रस्तुत हैः–**

## ''अमृत महोत्सव स्मरणीय महापर्व''

आज़ादी का अमृत महोत्सव गर्व से मिलकर सभी मनाएं ।
आज़ादी अक्ष्क्षुण रखने का सभी आज संकल्प उठाएं।।
पिचहत्तरवीं इस वर्षगांठ को स्मरणीय महापर्व बनाएं
आओ शान से अपना राष्ट्र–ध्वज घर–घर तिरंगा हम फहराएं
इस उत्सव में मेघ मुदित नभ से अमृत बूंदे बरसायें
आज तिरंगे का ये संदेशा देशवासियों को भी सुनाएं
केसरिया रंग से जन मन में देशभक्ति भावना जगाओ
श्वेत रंग से आतंकवाद, भ्रष्टाचार, दुराचार मिटाओ
हरे रंग से हरित क्रांति वृक्षारोपाण करके बढ़ाओ
जन जन के मन में उमंग नवचेतना की नवज्योति जलाओ
आज तिरंगे को फहराके उसके प्रति सम्मान दर्शाएं
विश्व–पटल पर भारत देश की है पहचान ये प्यारा तिरंगा
देश प्रेमियों को गौरवान्वित करना पल–पल न्यारा तिरंगा
निज स्वतंत्रता के प्रतीक को हर घर में सहर्ष लहराएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव गर्व से मिलकर सभी मनाएं
इस स्वतंत्रता की रक्षा करना हो नैतिक कर्त्तव्य हमारा
परतंत्रता का बुरा स्वप्न भी देखना हर्गिज नहीं गंवारा।
राष्ट्र–दोहियों जयचंदों से इस कीमती धरोहर को बचाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव गर्व से मिलकर सभी मनाएं
देश की सीमाओं पे पड़ौसी की कुत्सित नापा़क निगाहें
धूर्त आतंकी आतातायी घुसपैठ हर तरफ करना चाहें
शूरवीर सीमा–प्रहरी जांबाजों का जोश मनोबल बढ़ाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव गर्व से मिलकर सभी मनाएं।
आज़ादी अक्ष्क्षुण रखने का सभी आज संकल्प उठाएं।।

**(ओंकार कुलश्रेष्ठ)**
बी–94, आनन्द विहार रेल्वे कॉलोनी
जगतपुरा, जयपुर–302017

## भावभीनी–श्रृद्धांजली

| | |
|---|---|
| 15.11.2021 | श्रीमती अनसुइया कुलश्रेष्ठ पत्नि स्व0 श्री धर्मदेव कुलश्रेष्ठ निवासी–बी–8,अनीता कॉलोनी, बजाज नगर, जयपुर में निधन। |
| 12.12.2021 | श्री अविनाश चंद्र भांति, जो कि श्री सुभाषचंद्र कुलश्रेष्ठ, निवासी–68, कृष्णा विहार, जयपुर के मामा ससुर हैं, का उज्जैन में निधन 12.12.2021 को हुआ। |
| 19.12.2021 | श्री उमाकांत कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व0 श्री लक्ष्मीकांत कुलश्रेष्ठ, निवासी–पवन पुत्र कॉलोनी, वैशाली नगर (वेस्ट)जयपुर का निधन 19.12.2021 को जयपुर में हुआ। |
| 20.12.2021 | श्रीमती सरला देवी कुलश्रेष्ठ पत्नि स्व0 श्री पुरषोत्तम लाल कुलश्रेष्ठ जो कि निवासी–ए/247, तारानगर, झोटवाडा की माताजी थी, का निधन 20.12.21. को उज्जैन में हुआ। |
| 10.01.2022 | श्री नरेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व0 श्री अमान सिंह, निवासी–63–ए, श्यामवाटिका, रामनगर एक्सटेंशन सोडाला, जयपुर का निधन 10.01.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 12.01.2022 | श्रीमती शालिनी देवी पत्नि श्री दिलीप मणि कुलश्रेष्ठ निवासी–झोटवाडा का निधन 12.01.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 11.01.2022 | श्री दिनेश कुमार कुलश्रेष्ठ जो कि श्री शैलेश कांत कुलश्रेष्ठ, निवासी–वैशाली नगर, जयपुर के ताऊजी थे का निधन 11.01.2022 को जयपुर में हआ। |
| 17.01.2022 | श्री देवेन्द्र शरण जी कुलश्रेष्ठ, जो कि श्री सौरभ आनन्द कुलश्रेष्ठ निवासी नारायण विहार, जयपुर के छोटे बाबा थे, का निधन 17.01.2022 को शिकोहाबाद में हुआ। |
| 16.02.2022 | श्री अशोक कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व0 श्री जे.पी.कुलश्रेष्ठ निवासी–फ्लैट मंगलम आनन्दा, सांगानेर, जयपुर का 16.02.2022 को जयुपर में निधन हुआ। |
| 24.03.2022 | श्री दिलीप कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री सतीश चंद्र, जो कि श्री निश्चिंत कुलश्रेष्ठ निवासी–श्यामनगर, जयपुर के जीजाजी थे का निधन–24.03.2022 को अहमदाबाद में हुआ। |
| 25.03.2022 | श्रीमती शशिबाला कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री कृष्णकांत कुलश्रेष्ठ जो कि श्री हृदेश कुमार कुलश्रेष्ठ, निवासी–मानसरोवर, जयपुर की बुआजी थी, का निधन 25.03.2022 को शिकोहाबाद में हुआ। |
| 29.03.2022 | श्रीमती अनीता कुलश्रेष्ठ पतिन डॉ0 अनिल कुलश्रेष्ठ जो कि श्री हेमेन्द्र कुलश्रेष्ठ निवासी कटारिया कॉलोनी, सोडाला के अनुज की पत्नी थी, का निधन आगरा में 29.03.2022 को हुआ। |
| 20.05.2022 | श्री कुँवर बहादुर कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व0 श्री भँवर लाल कुलश्रेष्ठ, निवासी–शांति नगर, जयपुर का निधन कोटा में 20.05.2022 को हुआ। आप श्री वृति कुलश्रेष्ठ के पिताजी थे। |
| 20.05.2022 | श्री ललित बिहारी लाल कुलश्रेष्ठ निवासी– 20 बैंक कॉलोनी, महेश नगर, जयपुर का निधन 20.05.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 23.05.2022 | श्रीमती उषा कुलश्रेष्ठ पत्नि श्री कमलेश कुलश्रेष्ठ जो कि श्री देवेन्द्र'मिलन' निवासी–सिविल लाईन, जयपुर, की भतीजी थी, का निधन 23.05.2022 को अजमेर में हुआ। |
| 01.06.2022 | श्रीमती नलिनि कुलश्रेष्ठ पत्नि स्व0 श्री रमेश कुमार कुलश्रेष्ठ मूल निवासी एटा (उ0प्र0), हालिया निवास–बी–110, गीजगढ़ फ्लेट्स, हवा सड़क, जयपुर, जो कि डॉ0 मोहित कुमार की सासू माँ थी, का निधन 01.06.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 16.06.2022 | श्रीमती ओजस्वनी कुलश्रेष्ठ पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, निवासी– 74, कैलाशपुरी, टोंक रोड़ जयपुर का निधन 16.06.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 05.07.2022 | श्री रामगोपाल कुलश्रेष्ठ, पुत्र स्व0 श्री हुकम सिंह कुलश्रेष्ठ, निवासी–सी–69, हरी मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर, का निधन 05.07.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 05.07.2022 | श्री राम प्रकाश कुलश्रेष्ठ (नम्बरदार), जो कि श्री सूर्यकांत कुलश्रेष्ठ, निवासी–356–ए बरकत नगर, टोंक रोड़ जयपुर के चाचाजी थे, का निधन 05.07.2022 को कोटला (फिरोजाबाद) में हुआ। |
| 18.07.2022 | श्रीमती बीना कुलश्रेष्ठ पत्नि स्व0 श्री सुरेश चंद्र कुलश्रेष्ठ, निवासी– ई–183, कटारिया कॉलोनी, रामनगर एक्सटेंशन सोडाला, जयपुर में 18.07.2022 को निधन हुआ। |
| 28.07.2022 | श्री शरदकांत कुलश्रेष्ठ, निवासी–628, ओमेक्स सिटी जयपुर का निधन 28.07.2022 को जयपुर में हुआ। जो कि श्री कैलाश शंकर कुलश्रेष्ठ निवासी–157, कैलाशपुरी, जयपुर के संबंधी थे। |
| 28.07.2022 | श्रीमती संतोष कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व0 श्री रघुबीर कुमार कुलश्रेष्ठ निवासी–1198, बरकत नगर, टौंक फाटक,का निधन 28.07.2022 को जयपुर में हुआ। |
| 31.07.2022 | श्रीमती आशा कुलश्रेष्ठ पत्नि स्व0 श्री रामप्रकाश कुलश्रेष्ठ, निवासी–1–त–2, जवाहर नगर, जयपुर का निधन 31.07.2022 को जयपुर में हुआ। |

**''सभा''** समस्त जयपुरवासी कुलश्रेष्ठ परिवारों की ओर से सभी **दिवंगत पुण्यात्माओं** को हार्दिक शोक व्यक्त करते हुए अपनी गहन संवेदनाऐं एवं भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करती है।

---

| | | |
|---|---|---|
| **मयंक कुलश्रेष्ठ**<br>**महासचिव** | **समस्त कार्यकारिणी सदस्य**<br>**राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा, जयपुर** | **अवधेश कुमार कुलश्रेष्ठ**<br>**अध्यक्ष** |

---

## <u>स्वतंत्रता के 75 वर्ष में आजादी के '' अमृत महोत्सव'' में भारत माता को शत शत नमन।</u>

**सम्पादक की कलम से..................**

आप सभी स्नेही जनों को **''कुलश्रेष्ठ दर्पण''** के इस अंक के माध्यम से मेरा सप्रेम सादर अभिवादन। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से कुलश्रेष्ठ दर्पणों के प्रकाशन में हुए अति विलम्बता हेतु करबद्ध होकर क्षमा प्रार्थना।

हमारा प्रयास समाज के युवाओं की उत्कृष्ट क्षमताओं एवं स्वावलम्बी भावना को विकसित करना, महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा एवं अभिरूचियों को प्रोत्साहित करना तथा वरिष्ठ जनों के अनुभवों से अपने समाज का समग्र विकास, समरस्सता भाव को जागृत एवं एक दूसरे के दुःख–सुख को साझा करना होता है।

आप सभी से अनुरोध है कि त्यौहारों की गहमा–गहमी में सावधानियों को अनदेखा न करें। संभावित मौसमी बीमारियों से स्वंय एवं परिवार को हर संभव कोशिश करें। कोरोना भी अपने नये प्रारूप में जगह–जगह दस्तक दे रहा है। इससे भी बचने का हर संभव उपाय अवश्य करें।

**कुलश्रेष्ठ दर्पण** में अपनी उपलब्धियों, उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी मुझे, अध्यक्ष, महासचिव अथवा कार्यकारिणी के किसी भी सदस्य के द्वारा अवश्य देवें ताकि उनका समावेश और प्रकाशन किया जा सकें।

आप सभी के सहयोग से ही इसका प्रकाशन संभव हो पाता है।

मो.नं– **7597346383**

आपका स्नेहाकांक्षी
**ओंकार कुलश्रेष्ठ,**
प्रभारी–संपादन एवं कोषाध्यक्ष

---

### <u>सुविचार</u>

1. शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। किसी महान कार्य के लिए शक्ति–विश्वास दोनों जरूरी हैं।

   **............सरदार वल्लभ भाई पटेल**

2. सच्चा धर्म वही है, जो स्वतंत्रता को परम मूल्य की तरह स्थापित करें।

   **.............चंद्रशेखर आजाद**

3. निष्ठुर आलोचना और स्वतंत्र विचार, ये क्रांतिकारी सोच के दो अहम लक्षण हैं।

   **.............. भगत सिंह**

4. मंजिल की दिशा में आगे बढ़ते रहें, पर याद रखें कि मंजिल की तरफ बढ़ता रास्ता भी उतना ही नेक हो।

   **................ डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद**

---

**''कुलश्रेष्ठ दर्पण''** का यह अंक **श्री सुरेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ**, संयुक्त सचिव, निवासी प्रताप नगर के सौजन्य से प्रकाशित